# शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जावरा में लोकल काउंसलिंग आयोजित

**जावरा (निप्र)** । गोविंद राम तोदी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जावरा के प्राचार्य जी.बी. बामनकर ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि गोविंदराम तोदी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जावरा में गत वर्ष की अपेक्षाकृत अधिक विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। इस वर्ष शत- प्रतिशत प्रवेश के लिए महाविद्यालय प्रबंधन भी प्रयत्नशील है। सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सीधे प्रवेश दिया जा रहा है। प्रथम एवं द्वितीय चरण की काउंसलिंग उपरांत रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु संस्था स्तर पर लोकल काउंसलिंग दिनांक 02 जुलाई 2025 को आयोजित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी लोकल काउंसलिंग हेतु अपना रजिस्ट्रेशन कियोस्क सेंटर या शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जावरा में उपस्थित होकर भी करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के पश्चात सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रवेश शुल्क के साथ उपस्थित होकर संस्था में प्रवेश ले सकेंगे। उपस्थित होने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया उसी दिन संपादित होगी। रिक्त सीटों की जानकारी दिनांक 01 जुलाई 2025 से एमपी ऑनलाइन पोर्टल या गोविंद राम तोदी शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जावरा की वेबसाइट ु.सलिक्षरीर.ळ पर उपलब्ध होगी। लोकल काउंसलिंग हेतु बाहर से आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जावरा बस स्टैंड चौपाटी, रेलवे स्टेशन जावरा एवं शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पाईन्ट से मिनी डोर की व्यवस्था रहेगी।